नई दिल्ली > शुक्रवार, 16 दिसंबर 2022 > मार्गशीर्ष 25 शक संवत 1944 पौष कृष्ण अष्टमी विक्रम संवत 2079
YOUNG INDIA > YOUNG PAPER
वर्ष 76, संख्या 298 > पेज 20 > नोएडा > मूल्य 4.00 या 9.00 रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
NBT
नवभारत टाइम्स

Noida Times
एशिया के टॉप सिलेब्स में आलिया भट्ट भी



नीतीश कुमार ने कहा, जो पिएगा, वह मरेगा
देखें अंदर

यमुना एक्सप्रेसवे पर जापान करेगा 2500 करोड़ निवेश

रोड शो में कोरिया और जापान में कई कंपनियों के प्रतिनिधियो से मिले यमुना अथॉरिटी के अधिकारी

■ **प्रमुख संवाददाता, ग्रेटर नोएडा**

ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में निवेश लाने के लिए विदेश पहुंची यमुना अथॉरिटी की टीम जापान और दक्षिण कोरिया में रोड शो में सामूहिक प्रजेंटेशन देने के साथ कंपनियों के प्रतिनिधियों से मिल रही है। रोड शो में पहुंची जापान की एक कंपनी ने यमुना एक्सप्रेसवे पर टेक्सटाइल मेन्युफेक्चरिंग यूनिट लगाने के लिए 2500 करोड़ के निवेश पर साइन किए हैं। जापान इंडिया इंडस्ट्री प्रमोशन असोसिएशन द्वारा प्राधिकरण क्षेत्र में टेक्सटाइल मशीनरी इंडस्ट्री लगाने के लिए एमओयू किया गया है। इस परियोजना से यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में करीब 5000 लोगों को रोजगार का मौका मिलेगा। बता दें कि ग्लोबल इन्वेस्ट समिट 2023 में प्रदेशभर में 10 लाख करोड़ से भी ज्यादा का निवेश लाने का टारगेट रखा है। ऐसे में यमुना अथॉरिटी का एरिया प्रदेश में निवेश का प्रमुख स्थान बना हुआ है। अथॉरिटी के सीईओ अरुणवीर सिंह इस रोड शो में जापान और कोरिया में गए हैं। उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार रोड शो के माध्यम से करीब 18 देशों में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए रोड शो आयोजित कर रही है। इसी क्रम में 14 दिसंबर को एक एक रोड शो जापान में वेस्ट इन टोक्यो में आयोजित किया गया। 9 से 18 दिसंबर तक इस रोड शो का आयोजन किया जा रहा है।

इस परियोजना से यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में करीब 5000 लोगों को रोजगार का मौका मिलेगा